कृप्या सतगुरु के गोशन सत्संग प्रोग्राम के समय और तारीख़ में हुए बदलाव को नोट करें।

सतगुरु के सत्संग प्रोग्राम की नयी तारीख़ हैं; शुक्रवार, जुलाई 25, सुबह 11:00 बजे और शनिवार, जुलाई 26, 2025, सुबह 10:00 बजे।

रविवार, जुलाई 27, 2025 को सुबह 10:00 बजे रेप्रेज़ेंटेटिव का सत्संग प्रोग्राम होगा। रविवार, जुलाई 27 को होने वाले रेपरिज़ेंटेटिव के सत्संग प्रोग्राम के लिए सत्‌ग़ुरु मौजूद नहीं होंगे। गेट सुबह 9:00 बजे ख़ुलेंगे और सेंटर दुपहर 12:30 बजे बंद हो जाएँगे।

## सतगुरु का सत्संग प्रोग्राम – गोशन

- पार्किंग पास की गिनती सीमित होगी। सेंटर पर पार्किंग करने के लिए पार्किंग पास पहले से लेने पड़ेंगे। अगर आप पार्किंग पास नहीं ले पाते तो आप को होटल के शटल या चार्टर बस से आना पड़ेगा या फिर दूर पार्किंग एरिया (**Remote parking**) में पार्क करना पड़ेगा। यह रिमोट (दूर) पार्किंग खुले खेतों में होगी और चलना पड़ सकता है। कृप्या वैबसाईट पर पार्किंग पेज देखें।
- कृप्या हो सके तो होटल के शटल और चार्टर बसों का इस्तेमाल करें । बस से आने वाली संगत के बैठने के लिए ख़ास प्रबंध किया जाएगा। उन्हें सत्संग हॉल की एंट्रेंस के पास उतारा जाएगा और सत्संग के बाद वहीं से ले लिया जाएगा।
- गोशन सेंटर में चाय या किसी भी तरह का खाना उपलब्ध नहीं होगा। इसलिए अपने साथ खाना ले आयें और अपनी गाड़ी में रख दें।
- कृप्या कर के बुकिंग जल्द से जल्द करवा लें क्योंकि यहाँ होटलों की कमी है।
- अधिक ज़रुरी जानकारी के लिए वेबसाइट **goshenprogram.org** देखें जी।

| प्रोग्राम | |
|---|---|
| शुक्रवार, 25 जुलाई, 2025 | |
| गेट खुलने का समय: | सुबह 6:30 बजे |
| सत्संग हॉल खुलने का समय: | सुबह 6:30 बजे |
| अपनी सीटों पर बैठ जाने का समय: | सुबह 10:15 बजे |
| सत्संग शुरु: | सुबह 11:00 बजे |
| साइट बंद होने का समय: | दोपहर 1:30 बजे |
| शनिवार, 26 जुलाई, 2025 | |
| गेट खुलने का समय: | सुबह 6:30 बजे |
| सत्संग हॉल खुलने का समय: | सुबह 6:30 बजे |
| अपनी सीटों पर बैठ जाने का समय: | सुबह 9:15 बजे |
| सत्संग शुरु: | सुबह 10:00 बजे |
| साइट बंद होने का समय: | दोपहर 12:30 बजे |

**आमंत्रित इलाके: सिर्फ़ नोर्थईस्ट (Northeast) साउथईस्ट (Southeast), और नार्थ सेंट्रल (North Central) इलाक़ों के इन राज्यों (स्टेट्स) में रहने वाली संगत ही, गोशन सत्संग प्रोग्राम में आ सकती है।**

**(AL, CT, DC, DE, FL, GA, IA, IL, IN, KY, LA, MA, MD, ME, MI, MN, MS, NC, ND, NE, NH, NJ, NY, OH, PA, RI, SC, SD, TN, VA, VT, WI, WV).**

**इन क्षेत्रों से बाहर रहने वाले, कोई भी, गोशन में सतगुरु के सत्संग प्रोग्राम में भाग नहीं ले सकते, चाहे वह प्रोग्राम के समय अमरीका घूमने आए हों। <u>बैठने की और पार्किंग की जगह कम होने की वज़ह से, इसमें कोई ढील नहीं दी जाएगी।</u>**

**सत्संग प्रोग्राम –** सत्संग शुक्रवार, जुलाई 25 को सुबह 11:00 बजे और शनिवार, जुलाई 26 को सुबह 10:00 बजे होगा।

**आने का समय** – कृपया साइट पर सुबह 6:30 बजे से पहले न आएं। ज़्यादा जल्दी पहुँचने से सुरक्षा और ट्रैफिक के लिए खतरे की स्थिति पैदा हो सकती है। गेट्स खुलने तक संगत के लिए कोई भी सुविधा उपलब्ध नहीं होगी। कृप्या अपनी समझ और अपना सहयोग दें और सेवादारों को साइट पर पहुँचने और तैयार करने के लिए समय दें। कृप्या स्थानीय पुलिस के दिये निर्देशों का आदरपूर्वक पालन करें। **किसी को भी सुबह 6:30 बजे से पहले सत्संग हॉल में प्रवेश नहीं करने दिया जाएगा। समय पर आने वालों के प्रति न्याय बनाए रखने के लिए, एक रैंडम चयन प्रक्रिया के अनुसार अलग अलग लाइन को सत्संग हॉल में भेजा जाएगा।**

**बैठना** – संगत को सत्संग शुरु होने के 45 मिनट पहले तक अपनी सीट पर  बैठ जाना चाहिए। वे लोग जो साथ में बैठना चाहते हैं, उन्हें एक-साथ आना चाहिए। दूसरों के लिए सीटें रिज़र्व करने या रखने की अनुमति नहीं है। सबकी सुरक्षा और सुविधा के लिए, कृप्या सेवादारों के साथ सहयोग करें।

**सत्संग का साथ-साथ अनुवाद (साइमल्टेनीअस ट्रैन्स्लेशन)** – सत्संग का पंजाबी या हिंदी से अंग्रेज़ी और अंग्रेज़ी से स्पेनिश का साथ-साथ अनुवाद होगा। इसके लिए हेडफोन के साथ सत्संग हॉल में एक निर्दिष्ट बैठने की जगह की व्यवस्था की गई है। कृप्या ध्यान दें कि, वहाँ बैठने की सुविधा सीमित है, इसलिए जो पहले आएँगे, उन्हें वहाँ बैठने का मौक़ा भी पहले मिलेगा।

**प्रश्न और उत्तर –** जो कोई सतगुरु से प्रश्न पूछना चाहते हैं, उन्हें प्रतिदिन सत्संग से पहले होने वाले एक रैंडम ड्राइंग (random drawing) के माध्यम से चयन किया जाएगा। चयन क्षेत्र सुबह 6:30 बजे खुलेगा और 8:00 बजे बंद होगा, जिसके बाद चयन होगा। यदि आप कोई प्रश्न करना चाहते हैं, तो अपनी सीट रख कर सत्संग हॉल के पीछे प्रश्न और उत्तर चयन क्षेत्र में आएं। यदि आपका चयन नहीं हुआ, तो आपको अपनी सीट पर वापस जाना होगा। एक बार चयन पूरा हो जाने के बाद, कोई भी प्रश्न और उत्तर के लाइन में शामिल नहीं हो सकता है।

**प्रश्न और उत्तर के लिए निर्देश**
डेरा ने प्रश्नों के संबंध में निम्नलिखित जानकारी प्रदान करने का आग्रह किया है:

1. प्रश्न पूछने वाले की आयु 18 वर्ष या उससे अधिक होनी चाहिए।
2. सवाल संक्षेप और स्पष्ट होने चाहिए।
3. केवल **एक ही** सवाल पूछा जाना चाहिए।
4. प्रश्न आध्यात्मिक होने चाहिए और व्यक्तिगत, आर्थिक, स्वास्थ्य, परिवार, या राजनीतिक समस्याओं के बारे में नहीं होने चाहिए।
5. दूसरों की ओर से प्रश्न नहीं पूछे जाने चाहिए।
6. लंबे नोट्स, कविताएँ या पत्र नहीं पढ़े जाने चाहिए।
7. सतुगुरु जब आपके प्रश्न का उत्तर दे रहे हों, तो उन्हें बोलते हुए टोके नहीं; उनका उत्तर पूरा होने के बाद ही कुछ कहें।

संगत से अनुरोध

1. **प्रोग्राम के दौरान कभी भी तालियाँ नहीं बजानी चाहिए।**
2. **कृप्या प्रश्न पूछने वाले व्यक्ति की गोपनीयता का सम्मान करें और प्रश्न पूछने वाले व्यक्ति की ओर मुड़कर न देखें।**

**इन चीज़ों को लेकर आना मना है –** मोबाइल फोन, पेजर, कैमरा, दूरबीन, लेजर पॉइंटर, ऑडियो प्लेयर, घड़ी, और अन्य उपकरण जो ऑडियो/वीडियो रिकॉर्ड या प्रसारित कर सकते हैं, विडीओ गेम, कोई भी इलेक्ट्रॉनिक उपकरण अथवा हथियार, इन्हें सत्संग हॉल, फ़ैमिली एरिया (Family area), और आस–पास के जगहों में **बिलकुल नहीं** लाया जाना चाहिए। ऐसे किसी भी सामान को आपके आवास स्थान, वाहन में छोड़ना चाहिए या सेवादारों के पास जमा कराना होगा।

**तस्वीर लेना और ऑडियो वीडियो रिकॉर्डिंग** सत्संग के किसी भी स्थान पर मोबाइल फोन या किसी भी इलेक्ट्रॉनिक उपकरण का उपयोग करने की अनुमति नहीं है।

**बड़े बैग और पर्स** (लगभग 6" x 9" से अधिक) और खाद्य और पेय (केवल पानी को छोड़कर) को सत्संग हॉल के अंदर ले जाने की अनुमति नहीं है। कृपया ध्यान दें कि सत्संग क्षेत्र या परिवार क्षेत्र (Family area) में प्रवेश पर हर बैग की जाँच हो सकती है। छोटी गद्दी (cushion) की अनुमति है, लेकिन धातु फ्रेम वाले किसी भी आसन की अनुमति नहीं होगी।

**इलेक्ट्रॉनिक स्क्रीनिंग** – सत्संग प्रोग्राम में आने वाले सभी संगत को इलेक्ट्रॉनिक तरीक़े से जाँच किया जाएगा।सभी पर्स और बैग जाँच किए जाएँगे। एंट्री पॉइंट पर आपको अपने जेब से सभी मेटल के चीज़ों को निकाल कर, आपको दिये जाने वाले एक साफ़ प्लास्टिक बैग में रखने के लिए कहा जाएगा। कृप्या कोई ऐसे कपड़े ना पहने जिसमें अनावश्यक मेटल हो जैसे कि मेटल स्ट्राप, बड़े बेल्ट बकल आदि, जिससे मेटल डिटेक्टर से पकड़ा जाए और आपको देर हो जाए। कृप्या अपने सेल फ़ोन और कोई भी इलेक्ट्रॉनिक यंत्र अपने गाड़ी में छोड़ कर आएँ या स्क्रीनिंग के पास के कलेक्शन पॉइंट पर जमा कर दें। अगर आपके पास कोई भी ऐसा सामान हो जिसे लाना मना है, तो आपको अपनी गाड़ी में वापस जाना होगा या फिर कलेक्शन पॉइंट में जमा करके स्क्रीनिंग एरिया से वापस आना पड़ेगा ।

**नोट्स लेना** – सतगुरु की इच्छा है कि हम उनके साथ होने का पूरा फायदा उठाएं और समय और ध्यान को नोट्स लेने में बर्बाद ना करें। कृपया सत्संग और सवाल–जवाब के दौरान नोट्स ना लें । नोट्स लेने और ऐसे नोट्स को अन्यों को किसी भी तरीक़े से भेजने की , और इंटरनेट के माध्यम से भी आगे भेजने की मनाही है ।

**पार्किंग और निकासी –** गोशन सेंटर में पार्किंग सीमित है। गोशन सेंटर पर पार्किंग को हाई ऑक्यूपेंसी वाहन (एच.ओ.वी), विशेष आवश्यकताओं (स्पेशल नीड्ज़)/चलने फिरने में दिक़्क़त वालों, और स्ट्रोलर के साथ फैमिली एरिया के वाहनों को प्राथमिकता दी जाएगी। अन्य वाहनों को रिमोट  पार्किंग में भेजा जाएगा। इस कार्यक्रम के लिए आपको एक पार्किंग पास पहले से प्राप्त करना होगा।

संगत की ज़रूरतों को पूरा करने में सहायता के लिए, हम आपसे कारपूल, चार्टर बसें या शटल बस का उपयोग करने का आग्रह करते हैं। बस से आने वाली संगत को सत्संग हॉल के प्रवेश द्वार के पास छोड़ा जाएगा और वहीं से वापिस लिया जाएगा।

**निकासी:** सेंटर से गाड़ियों को निकलने में काफ़ी वक्त लग सकता है, इसलिए कृप्या धैर्य से इंतज़ार करें। कृप्या ट्रैवल एंड ट्रांसपोर्टेशन पेज पर निकासी के लिए निर्देशों का पालन करें।

पार्किंग के बारे में अतिरिक्त जानकारी जैसे ही उपलब्ध होती है, वह पार्किंग पेज पर प्रकाशित की जाएगी।

**यातायात (Transportation) –** कुछ होटलों से शटल बसें और चार्टर बसें आयोजित की जा सकती हैं; कृप्या अतिरिक्त विवरण के लिए होटल शटल्स और चार्टर बस पेज को देखें।

**बच्चों के साथ आना** – 10 वर्ष से अधिक आयु के बच्चों को सत्संग में जाने की अनुमति है। 10 वर्ष से कम आयु के बच्चों को माता–पिता या अभिभावक के साथ फ़ैमिली एरिया (Family area) में जाना होगा। सत्संग के दौरान और सत्संग सेंटर पर हर समय, बच्चों के लिए माता–पिता और अभिभावक जिम्मेदार होंगे। कृप्या अधिक जानकारी के लिए फ़ैमिली एरिया पेज देखें।

**विशेष आवश्यकताएँ** – उन लोगों के लिए सहायता प्रदान की जाएगी जिनकी विशेष आवश्यकताएं हैं। जब आप पहुंचें, तो कृप्या स्पेशल नीड्स (Special Needs) ड्रॉप ऑफ और पार्किंग के संकेतों का पालन करें। सेंटर, कोई भी चिकित्सा के लिए उपकरण (मेडिकल इक्विप्मेंट) प्रदान करने में असमर्थ है, जैसे कि वीलचेयर, व्यक्तिगत उपयोग के लिए वॉकर इत्यादि। **अपनी ज़रूरत की चीज़ें कृप्या ख़ुद लेकर आएँ।** अधिक जानकारी और स्पेशल नीड्स वाला एप्लीकेशन फॉर्म के लिए कृप्या वेबसाइट पर स्पेशल नीड्स पेज देखें।

**बधिरों के लिए सेवाएँ –** स्पेशल नीड्स और डेफ़ सर्विसेज़ एप्लीकेशन फॉर्म के भरने पर अमेरिकन साइन लैंग्वेज़ और क्लोज़्ड कैप्शनिंग मॉनिटर उपलब्ध किए जाएँगे।

**भोजन –** सेंटर में संगत के लिए किसी तरह का भोजन और चाय उपलब्ध नहीं होंगे। ऐसे भी हो सकता है कि ट्रैफिक की वज़ह से आपको साईट से निकलने में देरी हो जाए। आप स्नैक्स, भोजन आदि ला सकते हैं और उन्हें अपने गाड़ियों में छोड़ दें। कृप्या भोजन संबंधी अधिक जानकारी के लिए डाइनिंग गाइड देखें।

**समुदाय संबंध (Community Relations) –** आने वाले समय में हम काफ़ी देर के लिए स्थानीय लोगों के पड़ोसी होंगे। होटल, रेस्तोरां और स्थानीय अधिकारियों के साथ अच्छे रिश्ते बनाये रखना बहुत ज़रूरी है। कृप्या ध्यान रखें कि शाकाहारी भोजन वाले स्थानीय रेस्तोरां की संख्या सीमित है। कृप्या धैर्य रखें और रेस्तोरां और होटल के कर्मचारियों के साथ सहयोग करें। आस-पास खाने-पीने के जगहों के लिए डाइनिंग गाइड देखें। कृप्या होटल और रेस्तोरां में काम करने वाले कर्मचारियों को टिप देना न भूलें।

**वस्त्र, परफ्यूम, सुगंध, धूम्रपान और पालतू जानवर** – पार्किंग क्षेत्रों से लंबी दूरियों के कारण, चलने फिरने के लिए आरामदायक जूते डालने (वॉकिंग शूज़) की सलाह दी जाती है। सत्संग हॉल बंद नहीं है, खुली हवा का प्रवाह है और न ही एयर कंडीशन है, इसीलिए कृप्या उचित रूप से वस्त्र पहनें। कृप्या स्वास्थ्य सम्बंधी दिक़्क़त (एलर्जी, दमा, आदि) वाली संगत के प्रति सूझ–बूझ के साथ उदार रहें और कोई भी इत्र या अन्य सुगंध न लगायें। सत्संग स्थल पर धूम्रपान और प्रमाणित सेवा जानवरों (सर्विस ऐनिमल) को छोड़कर कोई भी पालतू जानवर लाने की अनुमति नहीं है।